तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 27 जून 2024

10 स्कूलों में लौटी रौनक, प्रवेशोत्सव में बच्चों को बांटा मिष्ठान


12 बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारवान बनायें शिक्षक




प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

# प्रवेशोत्सव पर छात्रों को बांटी किताबें और छात्राओं को साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बच्चों का स्वागत गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ जन प्रतिनिधि ईश्वर वर्मा, शाला विकास समिति सदस्य अश्वनी वर्मा, ग्राम के प्रथम नागरिक गैंदलाल दीवान, प्राचार्य बसंत त्रिवेदी द्वारा कक्षा 9वी और 10वी के छात्र-छात्राओं को किताबों का वितरण एवं सरस्वती साइकिल योजनानुसार कक्षा 9वी के अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़े वर्ग के छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पालकों के साथ-साथ विद्यालय से वरिष्ठ व्याख्याता कामता प्रसाद साहू, वीरेंद्र सिन्हा, दिनेश निर्मलकर, किरण दीवान, हरि नारायण यादव, दीपक गवली, रवि प्रकाश अंगारे, डॉ. ओमप्रकाश वर्मा, नूतन साहू, योगेश्वरी यादव, हेमंत कुमार दाऊ, सूरज महडिक सहित अन्य कर्मचारी हितेंद्र सिन्हा, पुरषोत्तम ध्रुव और टेकराम की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बच्चों को हर्ष व्याप्त था, साइकिल पाकर विद्यार्थियों में खुशी की लहर जाग उठी।





ईश्वर वर्मा ने इस योजना के बारे में बच्चों को समझाया और इसके लिए शासन को इस मंच के माध्यम से धन्यवाद दिया। उपस्थित सदस्य अश्वनी वर्मा, सरपंच गैंदलाल दीवान ने भी कहा कि यह योजना एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है, जो ना सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है, बल्कि बेटियों की शिक्षा की राह आसान करती है। प्राचार्य बसंत त्रिवेदी ने कार्यक्रम प्रशंसा की और शासन को धन्यवाद करते बच्चों को रोज विद्यालय आने व पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने में पर जोर दिया।

## खबर संक्षेप

### नीट परीक्षा में गड़बड़ी के खिलाफ आंदोलन करेगी कांग्रेस

**मैनपुर।** देश में पिछले पांच वर्षों में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं।



भाजपा राज में हो रहे पेपर लीक से देश के हजारों, लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। उक्त बाते ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने प्रेस से कही। ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जहां- जहां भाजपा की सरकार है, वहां-वहां पेपर लीक हो रहे हैं, जिसे देखकर यह समझ नहीं आता कि भाजपा शासित राज्यों में सरकार का राज है या शिक्षा माफियाओं का युवा अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसुस कर रहे हैं। क्योंकि उसमें इस बात का डर बैठ गया है कि जब वे एक साल की तैयारी के बाद परीक्षा देने जायेंगे तो पेपर होगा भी या नहीं। भाजपा राज में छात्र अपना कैरियर बनाने के लिए पढ़ाई नहीं बल्कि अपना भविष्य बचाने के लिए सरकार से लड़ाई लड़ने को मजबूर है। उन्होंने कहा नीट स्कैम मोदी सरकार के राज में बर्बाद हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले पर केन्द्र सरकार की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं किये जाने पर देशभर में आक्रोश देखने को मिल रहा है। यह मामला नवजवानों के भविष्य से जुड़ा है और केन्द्र सरकार को इस पर प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए।

### सुपेबेड़ा के मरीजों के लिए सर्वसुविधायुक्त एंबुलेंस का किया उद्घाटन

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुपेबेड़ा को लेकर गंभीर यह समस्या ज्यादा दिन नहीं रहेगी: स्वास्थ्य मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर।



जिले दूरस्थ अंचल में बसे बहुचर्चित किडनी पीड़ित ग्राम सुपेबेड़ा में दो नए डायलिसिस केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने यहां एक आरओ फिल्टर प्लांट भी लगाया जाएगा। बुधवार को देवभोग पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसकी घोषणा की। प्रदेश में भाजपा की सरकार बदलने के बाद पहली बार पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस अवसर सुपेबेड़ा के मरीजों के लिए एक सर्व सुविधायुक्त एंबुलेंस का उद्घाटन भी किया। इसके साथ उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर यहां किडनी पीड़ित मरीजों के लिए उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा भी लिया। इस अवसर पर उनके साथ डबल्यूएचओ, एम्स रायपुर और स्वास्थ्य विभाग के एक्सपर्ट टीम, राजिम विधायक रोहित साहू, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

■ जायसवाल ने कहा कि सुपेबेड़ा से किडनी की बीमारी को जड़ से खत्म करने हम सब मिलकर काम करेंगे

इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सबसे पहले सुपेबेड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र तथा आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया।

वहां उपलब्ध कराई जा रही है सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर महिलाओं के लिए अलग से बैठक व्यवस्था करने के निर्देश प्रशासन को दिए। इसके अलावा उन्होने पास में बन रहे निर्माणाधीन का भी निरीक्षण किया। इसके कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

#### पांच डाक्टरों की पोस्टिंग, किडनी फाउंडेशन की स्थापना

मंत्री ने बताया कि आज ही पांच डॉक्टरों का यहां पोस्टिंग की है। किडनी बीमारी के अनुसंधान के लिए गरियाबंद और सुपेबेड़ा में दो विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध होंगे। मरीजों के लिए भोजन सलाह प्रदान हेतु एक अलग से चिकित्सक नियुक्त किया है। रिसर्च यूनिट के लिए अनुसंधान टीम के गठन की जानकारी दी। ग्रामीणों के जेनेटिक जांच के आधार बीमारी की जांच की जाएगी। गरियाबंद में छत्तीसगढ़ किडनी फाउंडेशन की स्थापना की घोषणा की। साथ किडनी दान के लिए भी सुविधा विकसित की जाएगी।



#### हरसंभव मदद देंगे

इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने ग्राम सुपेबेड़ा के किडनी पीड़ित परिवार के प्रेमजय क्षेत्रपाल से उनके घर पहुंच मुलाकात की। उनका कुशलक्षेम जाना। बातचीत करते हुए उनकी समस्या भी सुनी। मौके पर मंत्री जायसवाल ने परिवार की शासन प्रशासन से हर संभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए बताया कि सुपेबेड़ा की समस्या को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय काफी गंभीर है। यहां के समस्या के निराकरण और मरीजों के समुचित इलाज के लिए बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश उन्होंने दिए है। उनके निर्देश के चलते ही वे आज सुपेबेड़ा पहुंचे है। उन्होंने कहा की मेडिकल और एम्स की टीम लगी हुई है। हम आज संकल्प लेकर चलते है की किडनी की बीमारी को जड़ से खत्म करने मिलकर काम ▶▶| शेष पेज 11 पर

#### गरियाबंद में 10 बिस्तरीय डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ

**गरियाबंद।** लोक स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज गरियाबंद जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने गरियाबंद के कोविड अस्पताल में बनाये गये जिले के किड़नी पीड़ति मरीजों के लिए निःशुल्क 10 बिस्तर के डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ किया। उन्होंने डायलिसिस करा रहे भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली तथा चिकित्सकों को बेहतर उपचार करने के निर्देश दिये। इसके उपरांत उन्होंने कोविड अस्पताल में बनाये गये प्रयोगशाला कक्ष सहित अन्य वार्डो का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां जिले के किड़नी पीड़ति मरीजों को लाने ले जाने के लिए सर्व सुविधायुक्त तीन एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि सुपेबेड़ा में दो नए डायलिसिस केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही ग्रामीणों के पेयजल के लिए आर.ओ वाटर लगाये जाएंगे। इसके अलावा तेल नदी से पानी की सप्लाई कर उसे फिल्टर प्लांट के माध्यम से शुद्धिकरण कर गांव में प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने के लिए बोर खनन किया जायेगा। इस दौरान मंत्री जायसवाल ने परिवार की शासन प्रशासन से हर संभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। साथ किडनी दान के लिए भी सुविधा विकसित की जाएगी।



### लोहरसी तालाब की सफाई पंचायत कराए: रोहित


लोहरसी के एकमात्र निस्तारी तालाब की सफाई नहीं, पंचायत के भरोसे बीते तीन साल
तालाब में गंदगी पसरने से फैली बदबू संक्रामक बीमारी होने की आशंका बढ़ी

**कोपरा।** ग्राम लोहरसी में निस्तारी तालाब पर गंदगी व बदबू पसरा हुआ है जिसको लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया था। जिसको लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया गया था। क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने प्रमुखता से खबर को संज्ञान मे लिया और कहा कि यह पंचायत की जिम्मेदारी है। इस प्रकार की लापरवाही बिल्कुल नहीं बरती जाएगी। तालाब को साफ करना चाहिए। अभी बारिश का मौसम लग चुका है तो ग्राम पंचायत द्वारा तात्कालिक व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को बारिश हटने तक थोड़ी बहुत राहत मिल जाए। जैसे ही बारिश का मौसम समाप्त होता है तो हम इसे प्रथम प्राथमिकता के रूप में देखते हैं। तालाब में पसरी गंदगी को साफ करने के लिए आगे बढ़ेंगे। तालाब के किनारे किनारे छोटे-छोटे अच्छे पौधे लगाएंगे निर्मला घाट भी बनाएंगे। पूरे तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे।



■ बारिश के बाद सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य कराएंगे

#### युवा श्रमदान करें

विधायक ने यह भी कहा कि तत्कालिक व्यवस्था के लिए युवाओं को भी अपना श्रमदान देना चाहिए। किसी प्रकार की संक्रामक बीमारी से लोगों को बचाने में सहयोग प्रदान करना चाहिए। जैसे ही बारिश का मौसम है ख़त्म होगा हमारा सबसे पहले काम रहेगा, तालाब का सौंदरीकरण करना. विधायक रोहित साहू ने आगे कहा मेरे क्षेत्र के लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना नहीं पड़ेगा और जहां भी समस्या उत्पन्न होती है मुझे तत्काल जानकारी दें। पंचायत और संबंधित विभाग के अधिकारी तत्काल इस प्रकार की समस्या को ध्यान दें, जैसा संभव बनता है तात्कालिक व्यवस्था करें।

# वीरांगना रानी दुर्गावती की विशाल मूर्ति का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर में समस्त आदिवासी समाज एवं गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति ब्लॉक इकाई-छुरा के तत्वाधान में विशाल मूर्ति अनावरण तिराहा चौक बस स्टैंड किया गया। शोभा यात्रा निकाली गई। 24जून को पूरे भारतवर्ष में गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती की शहादत दिवस के रूप में समस्त आदिवासी समाज याद करते हुए नमन करते हैं।

■ नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओंकार शाह केंद्रीय अध्यक्ष आ.गोड समाज राजमहल छुरा, पूर्व विधायक बिन्द्रानवागढ़ , कार्यक्रम की अध्यक्षता यशपेन्द्र शाह राजमहल छुरा,विशिष्ट अतिथि पन्नालाल ध्रुवप्रांत अध्यक्ष आ.ध्रुव गोंड समाज छत्तीसगढ़, पूरन सिंह ठाकुर जिलाध्यक्ष ध्रुव समाज गरियाबंद, ▶▶| शेष पेज 11 पर



#### शहीद परिवार का सम्मान

कार्यक्रम में शहीद के परिवार का सम्मान किया गया। शहीद महेंद्र कुमार ध्रुव कोसमबुड़ा,शहीद राजेश ध्रुवरवेली,शहीद होमेश्वर सिंह ठाकुर भैसामुड़ा,शहीद थानेश्वर सिंह सोरिद खुर्द, शहीद कृष्ण कुमार निर्मलकर कामराज, शहीद भागीरथी कंवर भैसामुड़ा,लिंगोवास द्वारका मरई गायडबरी,नगर और आसपास पूरे गांव के समस्त आदिवासी समाज, कंवर, हल्वा, गोंड, मातृशक्ति, पितृशक्ति,युवा-युवतियां साथी अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के सभी सगा समाज उपस्थित थे।

### रथ यात्रा के लिए विधायक रोहित साहू को आमंत्रित

**गरियाबंद।** आगामी सात जुलाई को नगर में जगन्नाथ युवा समिति द्वारा जगन्नाथ की विशाल रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारी में नगर के युवा एकजुट होकर जुटे हुए हैं। रथ यात्रा में स्थानीय राजिम विधायक रोहित साहू भी शामिल होंगे। बुधवार को गरियाबंद सर्किट हाउस में मुलाकात कर युवाओं ने उन्हे आमंत्रित किया। मौके पर विधायक रोहित साहू ने भी यथा संभव कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया। उन्होंने धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सराहना भी की।



# सिन्हा समाज एक प्रगतिशील समाज: जनक



**गरियाबंद।** सिन्हा कलार समाज इकाई तहसील गरियाबंद क्षेत्र के शपथ ग्रहण समारोह में बिंद्रानवागढ विधानसभा के विधायक जनक ध्रुव ग्राम काजनसरा पहुँचे। जहाँ समाज प्रमुखों एवं ग्रामीणों ने विधायक जनक ध्रुव का ढोल नगाड़ो व पुष्पमाला से स्वागत किया।

■ सिन्हा कलार समाज इकाई तहसील गरियाबंद क्षेत्र का शपथ ग्रहण

विधायक जनक ध्रुव ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम नवनियुक्त पधाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सिन्हा समाज बहुत प्रगतिशील समाज है, व्यवसाय के क्षेत्र में सिन्हा समाज अग्रणी समाज है। यह समाज अत्यंत मेहनतकश समाज है। उपस्थित युवाओं और समाज के लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने अपील किया। आगे कहा की नव नियुक्त पदाधिकारी अपने कार्यकाल में समाज में आने वाले सभी कार्यों और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे एवं यदि कहीं कुरीतियाँ होती है तो उन्हें दूर करेंगे। कार्यक्रम को ज़िला पंचायत सभापति ▶▶| शेष पेज 11 पर



### सतना के कवि सम्मेलन में कुंदन करेंगे शिरकत

**राजिम।** मध्यप्रदेश के सतना के कृष्णा भवन में 30 जून को कबीर महोत्सव के उपलक्ष्य में अखिल भरतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। सम्मेलन में राजिम के सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग कवि काशीपुरी कुंदन को आमंत्रित किया गया है। इस कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवि शिरकत करेंगे।



पाठक सूचना
हरिभूमि
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

### राशि के लिए महिलाएं प्रतिदिन कार्यालय का लगा रहीं चक्कर

# श्रमिक प्रसूति योजना, 6 माह से नहीं मिल रहा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासन द्वारा संगठित और असंगठित मजदूरों के लिए कई योजनाएं लागू की गई है। काम के अनुसार उन्हें साइकिल सहित अन्य सामग्री से प्रदान की जाती है। एवं श्रम कार्ड में महिलाओं को जिनके प्रसूति श्रमिक योजना के पश्चात उन्हें 20 हजार प्रदान किया जाता है। किंतु विगत 6 महीने से इस योजना का लाभ नहीं मिलने से विशेष कर महिलाएं काफी परेशान है। प्रतिदिन महिलाएं कार्यालय के आसपास चक्कर लगाकर अपने राशि मिलने का इंतजार कर रहे हैं। उक्त राशि उन्हें एक सहयोग के रूप में प्रदान किया जाता है, ताकि प्रसूति के बाद जो उन्हें आराम की जरूरत है उस समय उन्हें विशेष भोजन एवं आराम मिल सके। फरवरी माह के पश्चात अब तक इस योजना का लाभ किसी भी तरह नहीं मिल रहा है। जिले में श्रम विभाग की लापरवाही का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

साल 2024 जनवरी से अब तक के ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक प्रसूति सहायता योजना श्रमिको के हित ग्राहियों को अभी तक लाभ नहीं मिला है। प्रसूति के उपरांत महिलाए काम में नहीं जा सकती तथा शरीर कमजोरी आ जाती है। इस दौरान उन्हें अपने तथा अपने नवजात शिशु के देखभाल तथा अन्य खर्चों हेतु शासन के योजना से राहत मिल जाती है। शासन की योजनाओं का लाभ त्वरित एवं समय से नही होने पर उन्हें कर्ज लेकर अपने स्वास्थ्य तथा पौष्टिक भोजन आदि के व्यवस्था करनी पड़ती है। जिससे मजदूर परेशान और हताश होकर दूधमुंहे बच्चे को लेकर काम कर अपना खर्च उठाने मजबूर हैं।

जिले के श्रम विभाग के अधिकारी ऐलेन मिंज को इस संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया उन्होंने फोन को रिसीव नहीं किया ।



#### साइकिल के लिए 2022 में आवेदन, पर अब तक नहीं मिली

एक अन्य हितग्राही ने बताया कि मुख्यमंत्री श्रमिक सायकिल सहायता योजना 2022 में आवेदन किया था, जिसका निराकरण आज तक नहीं हुआ है। जिला कार्यालय में जाने पे जवाबदार अधिकारी जांच नहीं है बोलकर वापस भेज देते हैं। आवेदनों का निपटारा 2 - 3 साल में भी नहीं हो पाया। आलम ये है कि आनलाइन फॉर्म डालने के बाद हितग्राही को जिला कार्यालय या च्वाइस सेंटरों के चक्कर काटने को पड़ रहें हैं।

शरद कम्प्यूटर एजुकेशन
• DCA • PGDCA • TALLY PRIME
• ERP9 With GST Taxation • Ms Office
• फोटोशॉप • पेजमेकर • कोरल • सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण
Skill Training Partner
शरद कम्प्यूटर एजुकेशन राजिम
पता: रानी धर्मशाला परिसर राजिम
शरद पारकर मो. 98261-96073

खबर संक्षेप

## मैनपुर पहुंचे मंत्री श्याम बिहारी का भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत



**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र का पहली बार दौरे पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का भाजपा मंडल मैनपुर द्वारा विश्राम गृह के सामने आतिशबाजी कर फुलमाला के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान मैनपुर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से मंत्री जायसवाल को अवगत कराया गया। साथ ही समस्या समाधान करने मांग की गई। इस दौरान राजिम विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेश कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदास वैष्णव, मनोज निर्मलकर, रूपेश साहू, पुलस्त शर्मा, नरेश सोनवानी, पूर्व सरपंच सरिता सेन, संतोष यादव, रोहित ध्रुव, दिलीप साहू, कुमारी बाई पटेल, भोज साहू, बाबूलाल साहू, बिशेश्वर सिक्का, बब्बी सचेदव, राकेश दुबे, हरिश यादव, सोहागा पांड़े, नीतू ध्रुव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से गिनाई स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की कमी



**मैनपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल बुधवार को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के किडनी बीमारी से प्रभावित ग्राम सुपेबेड़ा के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान मैनपुर नगर में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने स्वास्थ्य मंत्री आत्मीयता से स्वागत किया। विधायक जनक ध्रुव ने मंत्री से मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने के साथ ही मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को 100 बिस्तर अस्पताल की सुविधा देने और मैनपुर में 15 डॉक्टरों की नियुक्ति करने के साथ-साथ मैनपुर, अमलीपदर, गोहरापदर, देवभोग, उरमाल एवं बिन्द्रानवागढ़ के सभी स्वास्थ्य केन्द्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पर्याप्त डॉक्टरों की व्यवस्था करने की मांग की। शोभा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन और डॉक्टर व्यवस्था की मांग की गई, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया कि क्षेत्र के सभी अस्पतालों में पर्याप्त डॉक्टरों की व्यवस्था जल्द करायेंगे और जो भी समस्या है उसे पूरा किया जायेगा। कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव द्वारा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का स्वागत के दौरान ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष खेदू नेगी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, अहमद बेग एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नवापारा में तहसीलदार ने कराया शाला प्रवेश उत्सव






**नवापारा-राजिम।** नवापारा में तहसीलदार सूरज बंछोर और नायब तहसीलदार आलोक वर्मा ने बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव कराते हुए समसामयिक प्रश्नोत्तरी किया। गुरुजनों को पौधा भेंट किया और बच्चों का तिलक कर बिस्किट ,पेन ,पुस्तक,गणवेश वितरण करके साथ में बैठकर भोजन किया। प्रशासनिक अफसरों को अपने बीच पाकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए।

### शिक्षा सत्र : बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की दी समझाइश

# स्कूलों में लौटी रौनक, प्रवेशोत्सव में बच्चों को बांटा मिष्ठान

हरिभूमी न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

हायर सेकंडरी छुईहा मे 26 जून को स्कूलों की गर्मी की छुट्टियां समाप्त के बाद विद्यार्थियों के धमाकेदार उपस्थिति के साथ ही स्कूलों में रौनक लौट आई। नवीन शिक्षण सत्र 24-25 का प्रारंभ हो गया। स्कूलों में छुट्टियों के बाद प्रथम दिवस विद्यार्थियों का खुशियां झलक रहा था । विशेषकर लड़कियों में काफी खुशी थी। हाई स्कूल छुईहा मे तिलक लगाकर 30 नवप्रवेश करवाया गया। जिन्हें अतिथियों द्वारा पाठ्यपुस्तक निःशुल्क दिया गया । वहीं स्कूल प्रबंधन ,गणमान्य अतिथि नागरिक द्वारा विद्यार्थियों से शैक्षिक संवाद कर विद्यार्थियों को विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

उल्लेखनीय है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते स्कूल सूने पड़े हुए थे। प्रवेशोत्सव के साथ एक बार फिर स्कूलों में रौनक लौट आई। विद्यालय शुरू होने के पहले दिन 200 सौ से अधिक उपस्थिति विद्यार्थियों में भी खासा उत्साह दिखाई दिया। प्राचार्य नारायण निषाद ने कहा प्रतिदिन स्कूलों में नियमित कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिससे चहल-पहल बनी रहेगी। नए शिक्षा सत्र के पहले दिन प्रवेश उत्सव को लेकर स्कूल के स्टाप ने अच्छी तैयारियां की गई थीं। स्कूल को रंग-बिरंगे बैलून से सजाया गया था ,साफ-सफाई, पीने का पानी व्यवस्था किया गया है । प्राचार्य नारायण निषाद ने यह कहा कि नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की बधाई व शैक्षणिक स्तर में सुधार को लेकर किए जाने वाले प्रयासों से शैक्षणिक स्टाफ व विद्यार्थियों को अवगत कराया। छात्र-छात्राओं को अनुशासित रहते हुए विद्या अर्जित करने की सलाह दी।बेहतर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया।

### नियमित स्कूल आएं विद्यार्थी - विजय कंडरा

प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के मुख्यातिथि राजिम विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने हाई स्कूल के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अब छुट्टियां खत्म हो गई हैं। उम्मीद है सभी बच्चों ने इन छुट्टियों का भरपूर रचनात्मक कार्य उपयोगी समय दिए होंगे। अब विद्यार्थी नियमित स्कूल आएं और अपनी पढ़ाई पर ध्यान व नजर बनाए रखे। बच्चे पूरे अनुशासन के साथ अब पढ़ाई और शैक्षणिक गतिविधियों का हिस्सा बनें। प्राचार्य द्वारा बनाये अनुशासन नियम का पालन करें। छात्रों को कड़ी मेहनत कर परिवार, गांव, स्कूल का नाम रौनक करने प्रेरित किया। प्रबंध समिति की मांग पर शीघ्र बोर खननएवं शिक्षक पूर्ति के लिए विधायक से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री को पत्राचार करके आग्रह किया जाएगा।



## राजिम क्षेत्र के स्कूलों में रही शाला प्रवेश उत्सव की धूम



**राजिम।** बुधवार को राजिम क्षेत्र के स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव की धूम रही। सुबह से स्कूलों की साफ-सफाई की गई। संबंधित पाठशालाओं के शिक्षक जल्दी से स्कूल पहुंचे फिर धीरे-धीरे बच्चों और उनके पालकों का भी आना शुरू हो गया। किसी स्कूल में बच्चों का गुलाल से तिलक लगाया गया,कहीं माला पहनाया गया तो कई स्कूलो में मिठाईयां, चाकलेट खिलाकर शाला प्रवेश उत्सव की बधाई दी गई। कई ऐसे भी स्कूल रहे जहां बच्चों को यूनिफार्म और किताबें भी बांटी गई। गर्मी की छुट्टी में अपने गांव ,घरों और नाना-नानी के घर खूब ऊधम मचाने वाले बच्चो का समय अब स्कूल में कटेगा। जिन पालकों के यहां एक-एक छोटे मासूम बच्चे है उनका घर स्कूल समय तक तो बहुत ही सुना लगेगा। अधिकांश बच्चे मोबाइल में अपना समय काटते रहे उनकी रूचि अब कॉपी,किताब में लगेगी। इधर शहरीय पालकों के लिए एक काम और बढ़ गया है कि अपने बच्चों को स्कूल समय में छोड़ने जाएंगे और छुट्टी के समय लेने। कई गृहणियों ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि वे अपने बच्चे को स्कूल रवाना कर रहे थे तो आंसू भी निकल आए थे। हालांकि ये आंसू बच्चे को स्कूल भेजने के लिए खुशी व मायुसी मिश्रित था। पहला दिवस बुधवार को मौसम भी इतना कड़क रहा कि तेज धूप और विकराल गर्मी ने अप्रेल-मई की तरह बच्चों,पालकों और शिक्षकों को पसीने से तरबतर करके रख दिया।



### सरपंच यथार्थ ने नवप्रवेशी बच्चों के साथ किया भोजन

राजिम से लगे ग्राम किरवई के शासकीय प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव का वृहद आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत किरवई के युवा सरपंच यथार्थ शर्मा थे। श्री शर्मा ने बहुत ही स्नेह के साथ नवप्रवेशी बच्चो को गुलाल से तिलक लगाया, पुस्तक,कॉपी, स्लेट दिया। मिठाई खिलाया।

इसके साथ ही दाल,भात और खीर पूरी परोसकर बच्चों के साथ बैठकर खाना खाया। प्रवेश उत्सव के दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजकुमार साहू ,करण साहू,राजू तारक,खुशबू यादव,कृति साहू,प्रधान पाठक खेलन साहू,अमित शर्मा, सहायक शिक्षक,मधु महिलांग,मानकी चंदेल, उषा साहू सहित अच्छी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## सरकड़ा के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया




**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला सरकड़ा में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक वंदन कर मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम मे कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाले बच्चों का खीर पुरी एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही शाला प्रबंधन समिति के द्वारा न्योता भोज का आयोजन रखा गया था। जिसमें सभी बच्चों को मध्यान्ह भोजन के साथ–साथ खीर पुरी,भजिया,मिष्ठान परोसा गया।सभी बच्चे शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष,सदस्य एवं पालकगणो के साथ भोजन का आनंद लिया। वहीं पर बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक केशव राम साहू ने बच्चों को प्रवेश उत्सव के बारे में जानकारी दी। कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी बच्चों को नियमित रूप से शाला आना है और शाला मे अनुशासित रहकर विद्याध्ययन करना है। शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों से समय–समय पर शाला आने एवं बच्चों के गृह कार्य आदि में सहयोग प्रदान करने की उन्होंने अपेक्षा की। इस अवसर पर शाला के वरिष्ठ शिक्षक शत्रुहन लाल साहू ने भी बच्चों को अनुशासित रहकर नियमित शाला आने एवं मनोरंजक वातावरण में मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर शिक्षिका लता सोनी,केसरी कुमारी,श्रीमती गिरिजा मारकम,जयप्रकाश सिंह,सफाई कर्मचारी राजकुमार ध्रुव,हेमंत शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक सेन,कुमार सिंह,गोविंद सिन्हा,उमा बोधनी बिसंतीन,मोतिम,रमला,पालक गन एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## पौधा लगाकर बच्चों ने लिया रोज स्कूल आने का संकल्प



**मुड़ागांव(कोरासी)।** प्राथमिक शाला तुमगांव में 26 जून को शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर बच्चों ने अशोक पौधा लगाया। इसके साथ ही शाला प्रवेश किया। छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान के संस्थापक मनोज पटेल ने सभी बच्चों का मुंह मीठा कराया और कहा आप लोगों का भविष्य यह शिक्षा का मंदिर ही है। मन लगाकर पढ़ाई करना। इस अवसर पर शिक्षक शंकर यदू ,शिक्षक ईश्वर प्रसाद देवांगन, आदिवासी किसान आत्माराम ठाकुर,टीकम यादव, धरम सिंग ठाकुर, स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अस्पताल में रात्रिकालीन मेडिकल सेवा प्रारंभ करने की मांग



**गरियाबंद।** बुधवार को एक दिवसीय प्रवास में पहली बार गरियाबंद पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का स्थानीय सर्किट हाऊस में भाजपा नेताओ ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओ की समस्या भी सुनी।

साथ ही निराकरण का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपकर जिला मुख्यालय गरियाबंद की जिला अस्पताल में रात्रि कालीन मेडिकल सुविधा एवं सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। भाजयुमो नेता अजय रोहरा ने कहा कि जिला अस्पताल गरियाबंद में जिले के दूरस्थ अंचल से गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोग पहुंचते हैं। यहां प्रधानमंत्री जन औषधि एवं धनवंतरी जनऔषधि केंद्र भी है। परंतु रात्रि के समय यह बंद रहते हैं। जिसके चलते हैं यहां भर्ती मरीजों को रात्रि समय में दवाई के लिए भटकना पड़ता है। इसके साथ सोनोग्राफी के लिए भी बाहर जाना पड़ता है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से हैं जिला अस्पताल गरियाबंद में रात्रि कालीन मेडिकल सुविधा एवं सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ करने की मांग रखी। इधर स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल जिला स्वास्थ्य अधिकारी को बुलाकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दे दिए हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, सागर मयाणी, वंश सिन्हा, परमेश्वर सेन, प्रतीक सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नशापन की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए समुदाय में जागरुकता सृजन करने की अत्याधिक जरुरत




**छुरा।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस जनपद पंचायत छुरा में मनाया गया। नशापन करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण तथा समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वाताराम निर्मित किया जाना है।

नशापन की प्रवृत्ति को रोकथाम के लिए समुदाय में जागरुकता सृजन करने की अनिवार्यता की दृष्टिगत समस्त स्तर पर प्रयास किया जाना है। समुदाय की सहभागिता से नशापान के विरुद्ध व्यापक विकसित करने के लिए यथासंभव नशा पीड़ितों से प्रत्यक्ष संवाद विकसित किया जाए। उन्हें नशापन के दुष्प्रमाणों की जानकारी देना। विद्यार्थियों में नशा पान के विरुद्ध जागरूकता लाना । शासकीय गजानन प्रसाद विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर छुरा अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाया गया ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आर के ध्रुव मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत, कयाराम यादव करारोपण अधिकारी, कार्तिक राम यादव, हेमलाल कंवर ,गोपाल ध्रुव, ललित यादव ,सुभाष निंबालकर, विकास यादव, राजकुमार यादव, समाजसेवी शीतल ध्रुव शिक्षकगण विनोद देवांगन ,संतोष वर्मा प्राचार्य ,हरीश शर्मा, केशव साहू आरती बंजारे ,कैलाश पटेल, टोपेश्वर साहू, मानसिंह मारकंडे, छात्र-छात्राएं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड से लक्ष्मीनारायण सम्मानित

हरिभुमि न्युज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम खुटेरी निवासी व पुर्व माध्यमिक शाला बारुला शिक्षक लक्ष्मीनारायण सेन को गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि सेन एक साहित्यकार है। सम्मानित शिक्षक लक्ष्मीनारायण सेन ने कहा गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल चंद्रयाण विश्व कीर्तिमान ग्रंथ का विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच रायपुर छत्तीसगढ़ के तत्वावधान पर 23 जून को वृंदावन हाल मे सम्पन्न हुआ। चंद्रयान तीन विश्व कीर्तिमान ग्रंथ' भारतीय चंद्र मिशन पर पहली काव्य पुस्तक है। जिसे गोल्डन बुक ऑफ़ वल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त है। इस 150 पृष्ठ के ग्रंथ के संपादक डॉ. आशा आजाद 'कृति' मानिकपुर कोरबा एवं श्रीमती उर्मिला देवी 'उर्मि' रायपुर, छत्तीसगढ़ के सहयोग से तैयार किया है। यह काव्य साझा संकलन भारत देश को समर्पित है, जिसे मूर्त रूप देने में विश्व के 123 साहित्यकारों के रचनाओं को शामिल किया गया है। जिसमे मेरे को शामिल होने का सौभाग्य मिला है।

चंद्रयान विश्व कीर्तिमान पुस्तक का विमोचन और सम्मान समारोह पर मुख्य अतिथि सासंद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, अध्यक्षता पीठाधीश्वर दूधाधारी और शिवरीनारायण मठ के राजेश्वर पुर्व गौ सेवक अध्यक्ष महन्त राम सुन्दर दास , विशिष्ट अतिथि डॉ उदयभान सिंह चौहान अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच थे।

## शिक्षा से ही सर्वांगीण विकास संभव - तारक

**पांडुका।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पांडुका में आज नवीन सत्र आरंभ के साथ ही शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रुद्राणी सेन एवम अध्यक्षता प्रधान पाठक एम एल तारक ने की। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात अतिथियों के स्वागत पश्चात संबोधन हुए। अध्यक्ष महोदया ने अपने संबोधन में छात्राओं को शिक्षा का महत्व बताया एवं अच्छी पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रधान पाठक ने अपने संबोधन में शिक्षा को सर्वांगीण विकास का आधार बताया, संकुल समन्वयक संतोष साहू ने शाला प्रवेश उत्सव को भी अन्य त्योहार के समान हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए कहा और अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने को कहा। इसके पश्चात कक्षा छठवीं के नव प्रवेशी छात्राओं का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया और उन्हें पाठ्य पुस्तक और गणवेश का वितरण अतिथियों के द्वारा किया गया।



## ब्रह्माकुमारी संस्थान ने प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की मनाई पुण्यतिथि

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा जनपद के खड़मा स्थित ब्रह्माकुमारी के ओम शाँति भवन मे ब्रह्माकुमारी संस्थान की प्रथम पूर्व मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 59वीं स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर खड़्मा सेवा केंद्र के अन्तर्गत छुरा,गायडबरी,पिपरछेडी,कनेशर, कर्चाली,मड़ेली,कोरासी,अतरमरा,र ्नीपर्तेवा के लगभग 150 भाई-बहनों ने हिस्सा लिया। गीता पाठ शाला पीपरछेंडी से पहुंचे ब्रह्माकुमार गोविंद भाई ने मम्मा जगदंबा सरस्वती को याद करते हुए कहा कि हमें भी मम्मा जैसे चरित्रवान बनना है। जैसे मम्मा सदैव ईश्वरीय सेवा में हां जी कहती थी हमें भी ठीक मम्मा की तरह ईश्वरीय सेवा में हां जी कहना है। साथ ही छुरा से आये ब्रह्माकुमारी संस्थान के वरिस्ठ सदस्य सियाराम सिंहा ने कहा हमें मम्मा की तरह एक परमात्मा में संपूर्ण विश्वास रखना है। रोज अंदर से अवगुणों को निकाल मम्मा के समान संपूर्ण गुणवान बनना है। ब्रह्माकुमार तेजस्वी भाई जी ने सभी को राजयोग मेडिटेशन करवाया। ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने कहा कि हमें मम्मा के समान आज्ञाकारी, वफादार और फरमानबरदार बनना है। उनके द्वारा बताई गई अनमोल शिक्षा को अपने जीवन में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि देना है। उन्होंने कहा हमें मम्मा के समान निमित्त और निर्माणचित्त बनना है। जैसे मम्मा का संपूर्ण निश्चय एक परमपिता परमात्मा निराकार शिव बाबा में था। हमें भी परमात्मा पर संपूर्ण निश्चय रखना है। कार्यक्रम की अंत में सभी को ईश्वरीय प्रसाद ब्रह्माभोज कराया गया। सभा में उपस्थित सभी भाई बहनों ने जगदंबा सरस्वती के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



## नव प्रवेशी बच्चों को मुंह मीठा कराकर किया गणवेश वितरण



**रसेला।** ग्राम रसेला के प्राथमिक शाला, माध्यमिक व हाईस्कूल में शाला प्रवेश उत्सव 2024 का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, अध्यक्षता ग्राम पटेल लोकराम यादव, विशिष्ट अतिथि डॉ चिराग अली, उपसरपंच परमेश्वर यादव, सांसद प्रतिनिधि संतराम नेताम, ठाकुर राम यादव, छुरा भाजपा मंडल महामंत्री शिवशंकर जयसवाल, नंदू दास, ओमप्रकाश यादव, रामेश्वर सिन्हा, सगुन दास , कमलेश्वर नामक, सिया कोमर्रा , देवकी मरकाम, सरिता ठाकुर मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियों का गुलाल लगा कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगा कर उन्हें मिठाई खिलाई और उनका हाथ पकड़कर उनकी कक्षा में प्रवेश दिलायी। उन्होंने बच्चों को पाठ्य पुस्तकों के साथ साथ शाला गणवेश का वितरण भी की। बिग्रेद्र ठाकुर ने कहा कि सरकार की मंशा है कि शिक्षा ग्रहण करने से कोई भी बच्चा छुटने ना पाये, बच्चें शिक्षित होकर अपने माता-पिता के अलावा गांव, शहर और देश का नाम रोशन करें, इसी लिए राज्य सरकार में शिक्षा का अधिकार कानून भी लागू किया गया है। ग्राम पटेल लोकराम ने कहा अग्रणी भारत का सपना हमारे नन्हे बच्चों के उज्जवल भविष्य से ही संभव है। इसके लिए जरूरी है कि हम अपने बच्चों को शिक्षा के लिए लगातार प्रेरित करें। डॉ चिराग अली ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के ही बदौलत भारत देश को विश्व गुरु होने का गौरव मिला था। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने बच्चे शिक्षा के प्रति अग्रसर हो, बच्चे शिक्षित होकर अपने माता-पिता का सहारा बने।संतराम नेताम ने कहा कि शिक्षक बच्चों को रचनात्मक शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करें, तो शिक्षा के स्तर में और भी सुधार होगा। हाईस्कूल के प्राचार्य शिशुपाल कुर्रे ने अपने स्कूल के रिजल्ट के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 23-24 में 9 वीं में दर्ज संख्या 71 जिसमें 51 छात्र छात्राओं उतर्णी हुए 62 प्रतिशत रहा।10वीं में दर्ज संख्या 47 जिसमें 36 पास 62 प्रतिशत, 11 वीं में 77 प्रतिशत, 12 वीं में 46 में 31 पास 67 प्रतिशत रहा। पिछले सत्र में कुल दर्ज संख्या 245 जिसमें 31 बच्चों ने टीसी निकाला गया। वर्तमान में 214 छात्र छात्राओं अध्ययनरत हैं। प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को प्रथम दिवस पर खीर पुड़ी खिलाकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मंच का संचालन शिक्षक संजय कुमार डोगरे व संदीप सिन्हा के द्वारा किया गया। इस दौरान शिक्षक गजानंद साहू, चिंता राम जैन, कुंजम जगत, गैंदालाल खुटे, उषा देवांगन, ओम कुमारी साहू, योगिता साहू, कुलेश्वरी मरकाम, देवेन्द्र ध्रुव, बालचंद नेताम, हृदय साहू, देवनारायण साहू, रंजीत यदु,सुन्दर ठाकुर, देवलाल निषाद, दबेद साहनी, गणेश, ईसू निषाद सहित मध्यान्ह भोजन के महिला समूह के सदस्य के साथ पालकगण व ग्रामीण उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## कन्या हाईस्कूल परसदा खुर्द में प्रवेशोत्सव



**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** बुधवार को शासकीय कन्या हाई स्कूल परसदा खुर्द में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। अजय तिवारी के मुख्य आतिथ्य में एवं गणमान्य नागरिक और प्राचार्य उत्तम कुमार कुर्रे ,समस्त स्टॉफ की उपस्थिति में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर किया गया । साथ ही कक्षा 9वीं व 10वीं के विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण किया गया।

## परसदाखुर्द में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)**
प्रा.शा.एवं मा.शा.परसदा खुर्द में विद्यार्थियों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर बच्चों के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया । जिसमें बच्चों में उत्साह देखा गया, जिसमें ग्राम के प्रमुख मोहन लाल नेताम, हेमू चक्रधारी शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल (माशा) श्रीमति चमेली बाई पटेल अध्यक्ष(प्रा.शा.)के द्वारा बच्चों को गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया गया। मोहन लाल नेताम द्वारा बच्चों को आशीर्वाद स्वरूप संक्षिप्त में उद्बोधन देते हुए बताया सभी को अच्छे से पड़ना हैं माता पिता व गुरजनों की बात मानना चाहिए और उनका सम्मान करना चाहिए तभी जीवन में सफलता मिलेगी। हेमू चक्रधारी के द्वारा बच्चों को कविता सुनाकर स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। उसके बाद सभी बच्चों को राधिका दीवान के द्वारा न्योता भोज कराया गया।

**निधन**

### सुखदेव सागर

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम गिधनी निवासी सुखदेव सागर का निधन 25 जून दिन मंगलवार को हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे नन्द कुमार सागर, यशवंत सागर के पिता थे।



### पन्नालाल पटेल

**मैनपुर।** नगर के आमापारा निवासी पन्नालाल पटेल उम्र लगभग 58 वर्ष का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार आज मंगलवार को मैनपुर मुक्तिधाम में किया गया। सोमवार को सुबह अचानक उनकी तबियत खराब हो गई थी, इलाज के लिए धमतरी ले जाया गया था।



**पहल: शाला प्रवेशोत्सव में विधायक ने बच्चों को पहले भोजन परोसा**

# शिक्षा समाज के विकास में अहम भूमिका निभाती है: जनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शिक्षा समाज के विकास में अहम भूमिका निभाता है, मानव जीवन के लिए शिक्षा काफी महत्वपूर्ण है। हम सभी क्षेत्रवासियों को आज संकल्प लेना है कि हमारे क्षेत्र के कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसके लिए अपने मोहल्ले गांव और क्षेत्र में लोगों को प्रोत्साहित करना है। एक रोटी कम खायेंगे लेकिन अपने बच्चों को अवश्य पढ़ायेंगें।

उक्त बातें बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव ने अपने संबोधन में कहीं। आज बुधवार को शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल मैनपुर नवमुडा में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्यअतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, अध्यक्षता एसडीएम मैनपुर डॉ तुलसीदास मरकाम, विशेष अतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खेदू नेगी, प्राचार्य बी.एस. नागेश, जावेद मेमन विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर,तिलक लगाकर और पाठय पुस्तक, गणवेश वितरण कर शाला प्रवेशोत्सव का शुभारंभ किया आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जनक ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है और हर हाल में हमें बेहतर शिक्षा के लिए प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने विद्यालय में रंगमच निर्माण के लिए 02 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप, पूर्व सरपंच सरिता सेन, कुमारी बाई पटेल, मनोज निर्मलकर, सवितानंद साहू, रामे"वरी धुरव, गणेश राम बघेल, अखिल चेलक, संतोश पटेल, गीता यादव, रामकुमार तारक, राधा रोशन साहू, रोली शर्मा, जितेन्द्र कुमार पांडेय, सोनी कौशिक, नीधि एक्का, रवि कुमार उराव, मिनेश्वरी साहू, लक्ष्मी व्यापारी, हलधर मेहर, दिलीप साहू, अनुरागनी साहू, हर्शिता दीवान, याद साहू, प्रज्ञा साहू, वत्सल गुप्ता, सतीश दीवान, चन्द्रकांता, भारती श्रीवास, लिंकन आवले, त्रिवेणी चंदन, सन्नी दास, भावना बढई, रूपेश यादव एंव बडी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाए, छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

■ विद्यार्थियों के साथ बैठकर लिया भोज का आनंद

### भाजपा नेता ने विद्यालय में वॉटर फ्रीजर देने की घोषणा की

शाला प्रवेशोत्सव के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता महेन्द्र सोनी ने स्कूली बच्चों को ठंडा और साफ जल उपलब्ध कराने के लिए वॉटर फ्रीजर देने की घोषणा की।साथ ही एक सप्ताह के भीतर वॉटर फ्रीजर लगाने की बात कही है, जिसका छात्र छात्राओं ने ताली बजाकर स्वागत किया।



### विद्यार्थियों के साथ विधायक जनक ने लिया भोज का आनंद

आज शाला प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यार्थियों के मन मे उस समय उत्साह का संचार हो गया जब स्वयं बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ने अपने तरफ से भोज का आयोजन किया था। सभी बच्चों को एक साथ बिठाकर अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोसा। साथ ही बच्चों के साथ बैठकर विधायक ने भोज का आनंद लिया। बच्चों से अपने बचपन के दिन को याद करते हुए कई कहानी किस्से सुनाये और बच्चों को यह भी बताया कि वह हमेशा से शिक्षा क्षेत्र से जुड़े रहे हैं। गरियाबंद में खेल शिक्षक थे उन्होने बच्चों से कहा कि आप लोगो को कोई भी परेशानी हो बेझिझक मुझे अपने परेशानी बताएं। स्वयं इस विद्यालय में पहुंचुगा और आप लोगो के समस्याओं का समाधान करूंगा। विधायक के साथ बच्चों ने भोजन कर खुब आंनदित हो उठे। इस दौरान विधायक ने प्रतिभाव छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य उनकी सफलता पर उत्साहवर्धन जरूरी है। इससे उनका भविष्य में कुछ अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है।

## प्रवेश उत्सव के साथ नए सत्र का शुभारंभ



**छुरा।** केंद्र शासन द्वारा बच्चों के सर्वांगीण शिक्षा हेतु पीएम श्री स्कूल प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत सर्व सुविधा स्कूलों को पीएम श्री स्कूल का दर्जा देकर उन्हें विकसित करने का प्रयास के उद्देश्य से यह विद्यालय प्रारंभ किया गया है। क्षेत्र के एकमात्र पीएम श्री स्कूल प्राथमिक शाला अकलवारा में लगभग 60 बच्चे अध्यनरत हैं और यहां पर 3 शिक्षक पदस्थ है। साथ ही साथ अपने गतिविधियों के लिए कोई अतिरिक्त कर्मचारियों की कोई व्यवस्था नहीं है। दो पदस्थ शिक्षक प्रधान पाठक में प्रमोशन हो चुका है जिन्हें व्यवस्था में रखा गया है और एक शिक्षक अन्य स्कूल से व्यवस्था किया गया है। इन समस्याओं के बीच स्कूलों में प्रवेश उत्सव के साथ नए सत्र का ग्राम पंचायत अकलवारा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला और शासकीय प्राथमिक शाला अकलवारा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें नोडल अधिकारी मो. जाफरी , प्ऱधानपाठक आर पी वर्मा, टीकम सिन्हा, ग़ाम प्रमुखों पूरण सिंह ठाकुर, देवेन्द्र कुमार साहू, पेम़सिंह दीवान , गैंदलाल निर्मलकर, लोचन सिंह दीवान, कोमल सिंह दीवान, घसिया राम निषाद, फिरतू साहू,शुक्लाचरण दीवान , जनपद सदस्य पुष्पलता सिन्हा, पंचायत सचिव धनेश साहू, शिक्षकगण-एम आर धुव्र, टी डी मानिकपुरी, दीनानाथ पटेल, बी के साहू, खेलावन साहू, भूपेश्वरी यादव मैडम, प्राचार्य पी वर्मा, गणमान्य नागरिक नंदकुमार सेन, संतराम निषाद, गोमती निषाद, शांतिबाई, श्यामाबाई, सुरेखा सोनी, हीरोबाई, सुशीला, बरातू साहू, सीताराम सेन, लाकेश कुमार एवं ग़ामवासियों उपस्थित हुए थे। प्राथमिक शाला में 70 बच्चों एवं पूर्व माध्यमिक शाला में 60 बच्चों, नवप्रवेशी प्राथमिक शाला में 6 एवं पूर्व माध्यमिक शाला में 17 बच्चों ने प्रवेश लिया है। क्षेत्र के 53 एकल शिक्षकीय स्कूल के संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एल मतवाले ने कहा कि सब जानकारी उच्च कार्यालय को दी जा चुकी है। इन स्कूलों में शिक्षक की व्यवस्था जिला शिक्षा अधिकारी एवं संचानालय द्वारा की जाएगी।

### सतनामीपारा स्कूल में नपा सभापति आडिल ने गुलाल लगा, मिष्ठान खिलाकर कराया प्रवेश

**राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला सतनामीपारा संकुल केंद्र राजिम में नपा सभापति ओम प्रकाश आडिल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले कक्षा पहली के नवप्रवेशी बच्चों तथा कक्षा दूसरी व पांचवी के बच्चों का गुलाल से तिलक किया। इसके साथ ही पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण करके मध्यान्ह भोजन में मीठा भोजन कराकर शाला प्रवेश उत्सव कराया। इस अवसर पर श्री आडिल ने बच्चों से कहा कि वे नियमित स्कूल आवें और मन लगाकर खूब पढ़ाई करें। इसके साथ ही उन्होने बच्चों एवं पालको को शासन द्वारा दिए जाने वाले प्रदत्त सुविधाओं के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में जेठुराम कोसरे अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष पीनूरानी निराला ,नंदनी आडिल ,गीता कोसरे ,भीमसेनी सहित पालकगण एवं प्रधानपाठक संजय सिन्हा ,राजेंद्र कोशले, देवेन्द्र नागेश उपस्थित थे।





## अतरमरा में नेवता भोज के साथ मना शाला प्रवेश उत्सव

**राजिम।** जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत, जिला मिशन समन्वयक के एस नायक,जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर के निर्देश पर संकुल केंद्र अतरमरा के प्राचार्य बी देवांगन, सकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन में माध्यमिक ,प्राथमिक शाला अतरमरा, माध्यमिक शाला,प्राथमिक शाला दीवना,रजनकटा,खट्टी,कुरूद, कुम्हरमरा सहित संकुल केंद्र अतरमरा के सभी शालाओं में धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव के साथ ही नवप्रेवशी बच्चों को मिठाई खिलाकर पाठ्यपुस्तक,गणवेश वितरण के बाद नेवता भोजन कराया गया। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान प्रधानपाठक खेमलाल यादव,पी के वर्मा,रामचंद्र ध्रुव,रूपराम साहू,धनेश्वरी मुरचुलिया,रेणुका देवांगन, मीना ध्रुव,चित्ररेखा लोहेश,डोरेश मेहरा,चेतन ध्रुव,गौतम साहू,पवन ध्रुव,मानिक साहू,हेमन्त विश्वकर्मा,बलराम साहू,अमर सेन,टेमन ध्रुव,निर्मला चक्रवर्ती,कृषकुमार साहू,प्रह्लाद यादव,माग्रेट विक्रम,गीता ध्रुव,शैल नामदेव,गंगेश्वरी सिन्हा, गोदावरी साहू,चंम्पा सेन,कीर्तन साहू,खिलेश्वर साहू सहित ग्राम पंचायत एवं शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे। प्राचार्य बी देवांगन,संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने कहा कि हर बच्चों में प्रतिभा छिपी होती है ,जरूरत उसे तरासने की है। इन्हीं बच्चों में से कोई शिक्षक, कोई डॉक्टर तो कुशल किसान या राजनेता बनकर निकलेगा।

## खैरझिटी में हर्षोल्लास से मना शाला प्रवेशोत्सव




**फिंगेश्वर।** नवीन शिक्षा सत्र 2024–25 के प्रारंभ होते ही शासन के दिशा निर्देश अनुसार 26 जून को शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरझिटी में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सियाराम धुरवजी सरपंच ग्राम पंचायत खैरझिटी,नंदलाल धुरव,सीताराम धुरव एसएमसी अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थित में आयोजित हुआ। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर पौधारोपण से किया गया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत गुलाल,हार एवं मुह मीठा कर पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण कर किया गया। सभी अतिथियों द्वारा उद्बोधन के माध्यम से साझा कर अपने समय के शाला प्रवेश और वर्तमान समय के कार्यक्रम के अपने अनुभव सभी के बीच साझा किया। तत्पश्चात सभी बच्चों एवं अतिथियों को विद्यालय की ओर से न्योता भोजन कराया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रमुख दिनेश कुमार सोनी द्वारा किया गया।उक्त अवसर पर अंजू वैष्णव,दिलीप साहू, दयानंद साहू,तुलसी,जागेश्वर साहू, कौंशिल्या,सावित्री, मेहतर राम साहू, तुकेश धुरव,गायत्री ग्राम पंचायत खैरझिटी के समस्त पंचगण,बड़ी संख्या में पालकगण स्कूल के सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## सतनामीपारा रानीपरतेवा शाला में हर्षोल्लास से मना प्रवेशोत्सव



**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय सतनामी पारा रानीपरतेवा में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रकाश यदु , अध्यक्षता सोहद्रा साहू जी शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष,विशेष अतिथि के रूप में राधिका साहू प्रधान पाठक,थानेश्वर सिन्हा , डेरहू राम साहू , मंचासीन रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां शारदे की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत सम्मान के पश्चात कक्षा पहली में नवप्रवेशी बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। और मुंह मीठा कराकर गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक भेंट कर शाला प्रवेश कराया गया। मुख्य अतिथि प्रकाश यदु ने इस अवसर पर पालकों से अपील किया कि अपने बच्चों को शाला प्रवेश कराएं और शत प्रतिशत विद्यालय में दाखिला सुनिश्चित हो इस पर शिक्षकों को विशेष ध्यान देने की बात कहा। प्रकाश यदु ने इस अवसर सभी बच्चों को न्यौता भोज कराया जिसमें खीर, पुड़ी दाल, चावल , हरी सब्जी परोसा गया। राधिका साहू प्रधान पाठक ने कहा कि शाला में पालकों एवं समुदाय का सतत सहयोग मिलता रहे। जिससे शाला में विकास हो और उचित मार्ग दर्शन मिलता रहे। उन्होंने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन देवनारायण यादव ने किया।

### धमतरी एसपी ने नवापारा-भेण्डरी शाला प्रवेशोत्सव में निभाई सहभागिता

**नवापारा-राजिम।** धमतरी एसपी आंजनेय वाष्र्णेय नवापारा से लगे भेण्डरी स्कूल में पौधारोपण कर नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर पुस्तक वितरण कर शाला प्रवेश उत्सव कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कुसुम साहू ,पूर्व जनपद सदस्य नीलकंठ सिन्हा ,सरपंच प्रीतराम देवांगन मौजूद थे। मुख्य अतिथि एसपी श्री वाष्र्णेय ने कहा कि शिक्षा जीवन का मूलमंत्र और मूल आधार है। शिक्षा से अच्छा नागरिक बन सकता हैं। अपने मंजिल प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर प्राचार्य ज्योति बघेल ने मुख्य अतिथि को डायरी और पेन भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मनीष ध्रुव सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



## शिक्षा ऐसी सीढ़ी है, जिससे तरक्की करती है पीढ़ी

**छुइहा बेलर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 26 जून को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर पूजन किया गया। इस अवसर पर हसीना निषाद 11वी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात कक्षा नवमी के नवप्रवेशी 14 छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराते हुए पाठ्य पुस्तक किया गया। इस अवसर पर देमीन पीलाचंद मांडले सरपंच ग्राम पंचायत बिजली ने कहा कि आप सभी अच्छे से पढ़ाई कर घर परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें ,वरिष्ठ नागरिक वार्ड पंच नंदूराम यादव ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बहूत महत्व है ,क्योकि अनुशासन ही देश को महान बनाता है,अतःआप अनुशासन में रहते हुए अपने शिक्षकों के द्वारा सिखाये गए ज्ञान को आत्मसात करें साथ ही माता, पिता एवं गुरुओं का सम्मान करना न भूलें। । प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि शिक्षा ऐसी सीढ़ी है,जिससे चलती पीढ़ी है। असफलता सफलता की प्रथम सीढ़ी है। हमें सकारात्मक सोच रखते हुए कार्य करना होगा तो निश्चित सफलता मिलेगी।शिक्षा मनुष्य के अंदर अच्छे विचारों को लाती है और बुरे विचारों को बाहर करती है।सफलता पाने के लिए एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित करें।इस कार्यक्रम का संचालन संतोषी गिलहरें व्याख्याता ने की। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू,सरपंच देमिन पीलाचंद मांडले,वरिष्ठ नागरिक नंदूराम यादव, सरपंच प्रतिनिधि पीलाचंद मांडले, पंच पीतांबर साहू व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेंद्र कुमार वर्मा,गीतांजली नेताम,संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा,सहायक शिक्षक विज्ञान रुद्रप्रताप साहू,व्यायाम शिक्षक नकुल राम साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू भृत्य आकाश सूर्यवंशी,स्वीपर यशवंत व छात्र छात्राएं उपस्थित थे



**एक्सपायर्ड दवा मिलने पर केंद्रों को कृषि विभाग के अफसरों ने जारी किया नोटिस**

# 5 कृषि केन्द्रों का अफसरों ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

किसानों को सही दवा का लाभ मिले उनकी फसलें बेहतर हो एवं बिना लाइसेंस की दुकानों मे अंकुश लगे आदि कारणों को लेकर कृषि विभाग द्वारा 5 कृषि केंद्र दुकानों का निरीक्षण किया गया। एक्सपायर्ड दवा एवं नियमों का उल्लंघन करने पर संचालकों को नोटिस जारी किया गया।

अंचल के कृषकों को उच्च गुणवत्ता युक्त कृषि आदान सामग्री (खाद–बीज )उपलब्ध हो सके ताकि कृषकों का उत्पादन बढ़े व कृषक की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके ऐसी मंशा रखते गरियाबंद के उपसंचालक चंदन रॉय के निर्देशानुसार 26 जून को जिला स्तरीय टीम द्वारा ग्राम जामगांव के पप्पू कृषि केंद्र,शेखर कृषि केंद्र,जय माँ मौली कृषि केंद्र नगर पंचायत फिंगेश्वर के यादव ट्रेडर्स व महेंद्र बीज भंडार कृषि केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई पौध संरक्षण औषधी अवसान तिथि उपरांत भी प्रतिष्ठान मे भण्डारित मिली, जिसे जब्त किया गया। कई प्रतिष्ठानों मे कीटनाशक व उर्वरक अधिनियमों का उल्लंघन करना पाया गया। जिसके चलते उक्त प्रतिष्ठानों के संचालकों को नोटिस दिया गया।

कृषि विभाग अफसरों ने अंचल के कृषकों से अपील की है कि कृषि आदान सामग्री (खाद – बीज–कीटनाशक ) की खरीदी करते समय अवसान तिथि की जाँच अवश्य कर लें। पक्का बिल अवश्य लें।जाँच के समय कीटनाशक निरीक्षक रमेश निषाद, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बी आर साहू फिंगेश्वर व कृषि विकास अधिकारी खिलेश्वर साहू टीम में शामिल थे।



# कोमा में महिला सरपंच ने किताबें व गणवेश देकर कराया शाला प्रवेश



**राजिम।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला कोमा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची महिला सरपंच भुनेश्वरी बंजारे ने बच्चों का तिलक लगाकर,मुंह मीठा कराकर निशुल्क पाठक पुस्तक एवं गणेश वितरण कर कक्षा पहली,कक्षा 6वीं के नवप्रवेशी बच्चों को प्रवेश कराया। सरपंच भुनेश्वरी बंजारे ने बच्चों को न्योता भोजन कराया गया जिसमें समोसा, जलेबी ,केला ,दाल, चांवल, सब्जी ,पापड़ और हलवा दिया गया। इस अवसर पर जागेश्वर साहू, झड़ी साहू, खुमान साहू,घनश्याम साहू, सुकालू साहू,केजू साहू, राधिका साहु , कुंती साहू, योगेश्वरी साहू, नीरा बाई, जुगल साहू, पूर्णिमा साहू, टीकेशेरी साहु, डाली नागवंशी ,प्रधान पाठक मोहित मिश्रा, विनेश जोशी,किशोर निर्मलकर ,चंद्ररेखा साहू ,मधु वर्मा,दीप्ति मिश्रा गंडेचा, पिंकी पटेल,तेजस्वनी ध्रुव,रेणु सोनवानी, राजेश्वरी विश्वकर्मा,धन्नू साहू ,पूजा तारक ,ईश्वरी साहू,मौजूद थे। आभार दीप्ति मिश्रा ने किया।

**पेज 9 के शेष**

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय...

करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि ग्रामीणों को इस समस्या से बाहर लाने हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

**गरियाबंद व देवभोग में लैब स्थापना :** मंत्री जायसवाल ने सुपेबेड़ा में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए गरियाबंद और देवभोग में लैब स्थापना की जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि सुपेबेड़ा में मरीजों को निशुल्क दवाई दी जाएगी। आगामी 6 माह में दो डायलिसिस सेंटर शुरू किए जाएंगे। बताया कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल हेतु जल जीवन मिशन से पानी उपलब्ध कराने के निर्देश प्रशासन को दिए है। उन्होंने बताया कि आज गरियाबंद में मरीजों के लिए तीन एंबुलेंस का शुभारंभ किया है। इसके अलावा सुपेबेड़ा के सर्व सुविधायुक्त एक एंबुलेंस का भी शुभारंभ किया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक रोहित साहू, जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा, शोभाचंद्र पात्र, सागर मयाणी, चंद्रशेखर सोनवानी, लुद्राक्ष साहू, चैन सिंह, पुनीत राम सिन्हा, राजू साहू, मनीष हरित, योगिराज कश्यप, संजू साहू, चमार सिंह पत्र, शकुंतला नायक भी उपस्थित थे।

### वीरांगना रानी दुर्गावती...

निर्मल सिंह जगत सलाहकार गोंडी धर्म संस्कृति, गंगाराम नेताम जिला सलाहकार ध्रुव गोड़ समाज गरियाबंद,पूरनमल नेताम प्रांताध्यक्ष /"जोहार/" आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़, नीलकंठ ठाकुर जनपद सदस्य छुरा, हेमनारायण धुर्वा सेवानृत्त तहसीलदार, महिला प्रकोष्ठ महेश्वरी शाह राजमहल छुरा, केसरी नोहर ध्रुवजिला पंचायत सदस्य गरियाबंद, तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, तामेश्वरी ध्रुव सरपंच पाटशिवनी, गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति ब्लॉक इकाई-छुरा, टेशु नेताम संरक्षक, जागेश्वर ध्रुव अध्यक्ष,बहुर सिंह पडोती उपाध्यक्ष, मुकेश पडोती सचिव,बृज नेताम कोषाध्यक्ष, दिलेश नेताम प्रवक्ता, रेखराम कुंजाम आदिवासी समाज सेवक ,भारत मरई सलाहकार, संचालक तिरु.शंकर छेदैहा , दिनेश नेताम प्रवक्ता शामिल रहे।

### सिन्हा समाज एक...

लोकश्वरी ध्रुव, ग्राम के सरपंच अभिमन्यु ध्रुव ने भी संबोधित किया।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में सिंह समाज के सेवाराम सिंहा, गौतम सिन्हा, महेश सिन्हा, नर्सिंग सिन्हा, हरख सिन्हा, मुनिराम, अमित मीरी, वालेश मरकाम, अमृत पटेल, केशु सिन्हा, सूरज यादव, नंदू गोस्वामी, ललित ध्रुव, गैंदलाल मण्डले, महेंद्र सिन्हा, द्वारिका सिन्हा, नंदू राम, तिलक राम ध्रुव, राम जी ध्रुव, यशवंत यादव, सहित सैकडो ग्रामिण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नवापारा में शाला प्रवेश कराने पहुंचे भाजपा नेता



**नवापारा-राजिम।** शहर के शासकीय आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव कराने भाजपा जिला मंत्री रायपुर ग्रामीण के परदेसी साहू, दयालु गाड़ा, धनमती साहू ,नवल साहू ,धीरज साहू ,मनीष देवांगन ,रूपेन्द्र चंद्राकर ,रामकुमार साहू ,प्राचार्य संध्या शर्मा मौजूद थे। इस अवसर पर सभी नेताओं ने बच्चों का तिलक किया और मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश उत्सव कराया।

### बहेरापाल मिडिल स्कूल में धूमधाम से मना प्रवेशोत्सव



**कोपरा।** ग्राम बहेरापाल मिडिल स्कूल में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों को गणवेश तथा पुस्तक वितरण किया गया। साथ ही पौधारोपण किया गया। इस दौरान सुनीति साहू बोरसी परिछेत्र उपाध्यक्ष साहू समाज माधुरी साहू सरपंच, झबलेश साहू, धर्मेंद्र यादव, गौरी साहू, राजेंद्र कुमार नाग , पूरन सर, संजय कुमार वर्मा , टूकेश्वर सिंह सेंगर,डॉगेश्वर डुमेश्वर, ध्रुव उपस्थित रहे।

### नपा सभापति पुष्पा ने दो स्कूलो में बच्चों को कराया शाला प्रवेश



**राजिम।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में नपा सभापति पुष्पा गोस्वामी ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर अभिनन्दन किया। इसके बाद प्रवेश कराया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल, चोवा साहू, निर्मला साहू, कुमारी ध्रुव उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव, गणेश और पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया

# बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारवान बनायें शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिर्रीखुर्द के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच टिकेश कुमार साहू, विशिष्ट अतिथि सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू, अनिल ध्रुव, देवेन्द्र बहल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष खिलावन साहू, उपाध्यक्ष ज्योति वर्मा ने मां शारदे की पूजा अर्चना की। साथ ही सभी नवप्रवेशी बच्चों का विद्या आरंभ संस्कार कराया गया। सभी नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा गुलाल लगाकर मुंह मीठा कराकर निःशुल्क गणेश पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने कहा कि आज सभी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें आप लोग भी धूमधाम से शाला प्रवेशोत्सव मना रहे हैं। आप सभी से कहना चाहूंगा कि आज से ही बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार भी देना प्रारंभ कर दीजिए, क्योंकि प्राथमिक शाला के बच्चे मिट्टी के समान होते हैं और शिक्षक कुंभकार के समान आप बच्चों को जैसा बनाना चाहेंगे, निश्चित रूप से बच्चा उसी प्रकार से बनेगा बच्चों को पूरी ईमानदारी और लगन के साथ आप लोग अध्यापन कराएंगे तो निश्चित रूप से भविष्य में वही बच्चा आपको एक उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मान करेंगे। शिक्षक जितना हो सके नवाचार का प्रयोग कर बच्चों को विभिन्न कला संगीत में भी दक्षता दिलाए, ताकि बच्चे सभी विधाओं में पारंगत हो सके। सरपंच टिकेश कुमार साहू ने कहा की आज से सभी बच्चे रोज स्कूल आएंगे और समय में आएंगे और समय तक रहेंगे पढ़ाई में मन लगाकर अध्ययन करेंगे हमारे प्राथमिक शाला के शिक्षक खोमन सिन्हा निरंतर नए-नए गतिविधियों के माध्यम से आप लोगों को पुस्तक की पढ़ाई के साथ-साथ जीवन जीने की तरीका भी सिखाते हैं मैं शिक्षक खोमन सिन्हा का धन्यवाद करता हूं जो निरंतर बच्चों के सर्वांगीण विकास में लगे रहते हैं साथ ही सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं कि आप लोगों का जो भी मनोकामना है वह पूर्ण हो और हमारे ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द का नाम शीर्ष स्थान में हो फिंगेश्वर विकासखंड के सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू अनिल ध्रुव देवेंद्र बहल ने कहा कि अब बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए आने वाले प्रतियोगि परीक्षाएं जिसमें विशेष कर नवोदय परीक्षा को ध्यान में रखते हुए बच्चों का विशेष तैयारी करवाया जाए और बच्चों को उनके कक्षा अनुरूप अध्यापन कराकर स्तर सुधार किया जाए, जिससे यहां के बच्चे अन्य गतिविधियों में बहुत ही सराहनीय एवं प्रसंशनीय योगदान निभाते हैं, तो आने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं में भी यहां के बच्चे अव्वल स्थान में रहे और अपने शिक्षकों के साथ-साथ स्कूल और ग्राम का नाम रोशन करें बच्चों के लिए न्योता भोज का भी प्रबंध किया गया था, जिसमें हुमेश साहू, भेमचंद, भोलेश्वर साहू के साथ-साथ उनके सहयोगी साथियों ने अपने विवाह कार्यक्रम की उपलक्ष्य पर प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को न्योता भोज कराया गया, जिसमें बच्चों को खीर पूरी, दाल, चावल, सब्जी, पापड़, सलाद मिठाई खिलायी गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा सेन्दर, पूर्व सरपंच रामधार साहू, सरपंच टिकेश साहू, एसएमसी अध्यक्ष खिलावन साहू, उपाध्यक्ष से ज्योति वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू, देवेंद्र बहल, अनिल ध्रुव, रामेश्वर साहू, पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक ठाकुर राम साहू, प्राथमिक प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव, शिक्षक वीरेंद्र पवार, अखिलेश्वर वर्मा, भुनेश्वर साहू, घनश्याम कंवर, भोलेश्वर साहू, हुमेस साहू, भेमचंद साहू, मंदाकिनी साहू, लीलाराम मतवाले, निरूपा निषाद, दुर्गेश विश्वकर्मा, थान सिंह साहू, प्रियांशु कंडरा, शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित थे।



## प्रवेशोत्सव पर बच्चों को परोसा न्योता भोज



**फिंगेश्वर।** नये शिक्षा सत्र की शुरूवात 26 जून को हुई। नगर के प्राथमिक शाला सतनामी पारा में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल का टीका लगाकर मुंह मीठा कराते हुए उन्हें पाठ्य पुस्तकें का वितरण किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ पार्षद नरेश लहरे ने की। सभी अतिथियों का स्वागत शाला के शिक्षिकाओं के द्वारा किया गया। शाला प्रवेशी छात्र को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। प्रधान पाठिका अनिता ठाकुर ने कहा कि नये शिक्षा सत्र की आज शुरूवात हुई है, जिसके चलते शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आप सभी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से शाला के गुणात्मक विकास के लिए हम सभी शिक्षिकाओं का सतत प्रयास रहेगा। शाला के बच्चे प्रतिदिन समय पर स्कूल आये, इस बात की जिम्मेदारी पालकों की भी होगी। बच्चों को प्रतिदिन नियमित रूप से शाला भेजे। नगर पंचायत उपाध्यक्ष रूखमनी मांडले ने शाला प्रवेशोत्सव की बधाई दी एवं बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की कामना शिक्षिकाओं से की।

ज्ञात हो कि श्रीमती रूखमनी मांडले द्वारा लगभग 25 सेट में स्कूल को कुर्सी टेबल प्र नगर पंचायत के मद से की है। कार्यक्रम में पार्षद नरेश लहरे द्वारा सभी पदस्थ शिक्षिकाओं को अच्छी शिक्षा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर वार्ड के संतोष मांडले, चंद्रिका प्रसाद बघेल, घनश्याम ढीढी सहित पत्रकार दीपक पोद्दार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में शिक्षिका ऋचा रात्रे की ओर से बच्चों का न्योता भोज कराया गया, जिसमे बच्चों को नाना प्रकार के व्यंजन परोसे गये। कार्यक्रम को सफल संचालन में स्कूल की प्रधानपाठिका अनिता ठाकुर, धनेश्वरी सिन्हा, निरूपमा कालू आदि का सहयोग रहा।

## प्रवेशोत्सव पर छात्रों को खिलाई गई खीर-पूरी



**कोपरा।** फिंगेश्वर ब्लॉक अंतर्गत संकुल केंद्र कोपरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुड़तराई में शाला प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान उपस्थितजनों द्वारा बच्चों को टीका लगाकर एवं खीर पुड़ी खिलाकर तथा गणवेश वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रधानपाठक सेवा राम साहू ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की बात कही। उन्होंने कहा कि बच्चे कच्चे घड़े की तरह होते हैं, शिक्षक ही उन्हें आकर देकर उनके सपनों को साकार करते हैं। शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष हुलास राम साहू ने कहा कि बच्चों के सपनों को मूर्त रूप प्रदान करने वाले आप सभी शिक्षकों से आह्वान करता हूं कि छत्तीसगढ़ को सशक्त एवं समृद्ध बनाने में आज के इस नौनिहाल बच्चों को पाठ्यक्रम के अलावा, क्रीड़ा, सांस्कृतिक, प्रतियोगिता परीक्षाओं की सम्पूर्ण जनकारी दें। आज वर्तमान परिवेश पूर्णतः बदल गया है, आज छोटे-बड़े सभी नशे और अनेक प्रकार की बुराइयों के गिरफ्त में आ चुके है। उन्हें भी समाज के मुख्यधारा में जोड़कर प्रगति का अवसर प्रदान करने में कोई भी कसर बाकी न रहे, ऐसा प्रयास शिक्षकों के द्वारा किया जाना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षकगण आशाराम साहू, रुपेश वर्मा, द्विज राम जांगड़े, वीरेंद्र साहू सहित ग्राम के उदल कंवर, लक्ष्मण साहू, टेमन यादव, फुलेल वर्मा,नीरा साहू, मीना वर्मा आदि सहित स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव में खुशी से झूम उठे बच्चे

**छुरा।** संकुल के विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला शिक्षाधिकारी एके सारस्वत के मार्गदर्शन, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले एवं बीआरसी हरीश देवांगन के निर्देशन में विविध गतिविधियों के साथ संकुल के सभी विद्यालयों में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कर प्रवेशोत्सव मनाया गया। नवाचारी शिक्षक एवं समन्वयक शंकर लाल यद्दु ने बताया कि छुरा संकुल के सभी विद्यालय में एसएमसी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुंह मीठा कर गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक भेंटकर शाला प्रवेश कराया गया। ग्रीष्मावकाश की लम्बी अवधि उपरांत विद्यालय आने के लिए बच्चों में अलग ही उत्साह देखने को मिला। शिक्षकों ने पालक सम्पर्क कर बच्चों के शत प्रतिशत दाखिला सुनिश्चित करने अपील की गई। बच्चों के नियमित उपस्थिति और शिक्षा पर जोर दिया। नए सत्र की शुरुआत में बच्चों को खीर, पुड़ी, दाल, चावल, हरी सब्जी परोसी गई।



शिक्षकों ने कहा स्कूल को पालकों एवं समुदाय का सतत सहयोग मिलता रहे, जिससे बच्चों का समन्वित विकास हो और उचित मार्गदर्शन मिलता रहे। आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा, पिपराही, प्रा. शाला तुमगांव, डांगनबाय संजय नगर, आवास पारा, डुमरडीह, पिपराही, भरुआमुडा, बोरियाझर में शिक्षकों, एसएमसी सदस्यों की उपस्थिति में बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया।

## छात्रों ने सेल्फी जोन का उठाया लुत्फ



**मैनपुर।** विकासखण्ड क्षेत्र में शाला प्रवेशोत्सव धुमधाम के साथ मनाया गया। ग्राम झरगांव में सेल्फी जोन बनाया गया था, जहां पालक और बालक सेल्फी लिये और शाला प्रवेशोत्सव को यादगार बनाया गया। स्कूलों में हवन-पूजन भी किया गया। वहीं दूसरी ओर डीएवी पब्लिक स्कूल मुंगझर में हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## दमौवापारा में मना प्रवेश उत्सव और परोसा न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला दमौवापारा राजिम में शाला प्रवेश उत्सव एवं न्योता भोज के मुख्य अतिथि द्वय मंगलू सोनकर, नीता सोनकर अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति थे।

अध्यक्षता विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी, विशेष अतिथि विकासखण्ड श्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने किया। सबसे पहले मां सरस्वती की पूजा-अर्चना किया गया। कक्षा पहली एवं छठवीं में नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर, मिठाई, खीर पूरी खिलायी गई। साथ ही साथ गणवेश, पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया। न्योता भोज यशवंत साहू प्रधान पाठक ने अपने जन्मदिन के अवसर पर दिया।

कार्यक्रम में संकुल समन्वक राजिम धर्मेन्द्र ठाकुर, प्रधान पाठक द्वय यशवंत साहू, सुनीता यादव, समिति के सदस्य चंद्रिका सोनकर, गंगा सोनकर, सावित्री सोनकर, रेखा शुक्ला, योगेश्वर ध्रुव, भारती नामदेव, नरेंद्र देवांगन, चांदनी कंसारी, रम्भा ध्रुव उपस्थित थे।

## भैंसातरा में सरपंच उमा देवी ने कराया शाला प्रवेश

**राजिम।** शापूमा शाला भैंसातरा में शाला प्रवेश उत्सव की मुख्य अतिथि सरपंच उमा देवी साहू, उप सरपंच इंदरमन साहू, विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष टीकम साहू, पंच युवराज श्रीवास थे। अतिथियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाले बच्चों को गुलाल लगाकर स्वागत करके गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक रामनारायण मिश्र ने कहा कि यदि क्षेत्र में गांव, समाज, राज्य व देश में आमूल चूल परिवर्तन लाना है तो सभी पालकगण अपने बच्चों को शिक्षा हेतु विद्यालयों में प्रवेश दिलाएं और अच्छे से पढ़ाई कराएं। उप सरपंच इंदरमन साहू ने कहा कि बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक रूप साहू, नेमू साहू, पुरुषोत्तम साहू, योगेश वर्मा, नोहर साहू, हेमिन साहू, कुसुम यादव मौजूद थे। प्रथम दिन नेमू साहू शिक्षक द्वारा नेवता भोज कराया गया जिसमें चांवल, दाल, सब्जी के अलावा खीर पुरी तथा केला परोसा गया।

- शाला प्रवेशोत्सव में तिलक लगाकर किया स्वागत



## बच्चे नियमित स्कूल आए और मन लगाकर पढ़ाई करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





शिक्षा सत्र 2024–25 शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के माध्यम से शासन प्रशासन द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता व नया सत्र को बेहतर बनाने प्रारंभ किया है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत रवेली के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में ग्राम पंचायत बरोंडा, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

- रवेली एवं बरोडा में शाला प्रवेशोत्सव पर अतिथियों ने छात्रों का उत्साहवर्धन बढ़ाया

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का जिज्ञासा साहू द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश साहू जनपद पंचायत फिंगेश्वर, उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति के अध्यक्ष व दीपक साहू जनपद सदस्य, ओंकार साहू व सरपंच दानेंद्र सेन, भारत सिन्हा व भारत निर्मलकर थे। उन्होंने नव प्रवेशी छात्र–छात्राओं को पुस्तक वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू ने कहा कि आप सभी विद्यार्थी जीवन में समय का सदुपयोग करते हुए अनुशासन का पालन करें।

नियमिति शाला आये एवं नियमित पढ़ाई घर एवं स्कूल में प्रारंभ से करते रहे। अपने गुरूजनों का सम्मान करें। विशिष्ट अतिथि दीपक साहू ने कहा कि हमें जीवन में अनेक महान पुरुषों से प्रेरणा लेना चाहिए, जिन्होंने शिक्षा एवं ज्ञान के मार्ग पर चलकर ख्याति प्राप्त करते हुए देश सेवा एवं समाज सेवा की है। आप लोग भी खूब मन लगाकर पढ़ाई करे एवं नियमिति शाला पहुंचे। प्राचार्य ललिता अग्रवाल ने विद्यालय में संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी विस्तार से दी। ग्राम रवेली सरपंच राधा लाल साहू, जय कुमार नागवंशी, दिनेश सिन्हा, पुखराज साहू, ताराचंद निषाद आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार व्यक्त वरिष्ठ व्याख्याता डीके साहू ने किया। कार्यक्रम की संचालन प्राध्यापक वर्मा ने किया।

### कई स्कूलों में शिक्षक नादारद मिले, नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

# शिक्षा सत्र के प्रथम दिन जांच में पहुंचे शिक्षा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





जिले में बेहतर व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत प्रथम दिवस ही औचक निरीक्षण पर निकल पड़े। शैक्षणिक सत्र 26 जून से प्रारंभ हो चुका है। जिले के अधिकांश स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। सभी विद्यार्थी खुश नजर आ रहे थे। इसी बीच शालाओं की स्थिति को जानने जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत ने पूरी टीम के साथ जिले के विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। छुरा विकासखण्ड के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला अतरमरा, प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल सांकरा, प्राथमिक, माध्यमिक, हायर सेकंडरी मुरमुरा, प्राथमिक, माध्यमिक शाला पोड़ का निरीक्षण किया। माध्यमिक शाला अतरमरा में निरीक्षण के दरमियान न्योता भोजन का आयोजन चल रहा था। साथ ही शाला में सभी पंजी संधारित मिले, जिस पर अधिकारी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त किये। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने अकादमिक सत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न प्रकार के पंजी का भी अवलोकन किया। इसके अंतर्गत समय सारणी, बालकांन पंजी, पाठकान पंजी, शिक्षक डायरी, विद्यालय साफ सफाई, रंग रोगन, स्कूल जतन योजना, पाठ्य पुस्तक, गणवेश के बारे में सविस्तार जानकारी ली गई। सभी शिक्षकों को प्रतिदिन शिक्षक डायरी भरने को कहा। पाठ्यक्रम एवं शासन के निर्देशानुसार ही अध्यापन करने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि आप सभी शिक्षक हमारे राष्ट्र के निर्माता है। आप सभी बच्चों को अच्छे से अच्छा शिक्षा दें, ताकि वे अपना और आपका भी नाम रोशन कर सकें। हम सब का कर्तव्य है, बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़कर उनके सर्वांगीण विकास करना। पोड़ में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों से विस्तार से चर्चा किया गया। मुरमुरा के हायर सेकंडरी स्कूल में सभी शिक्षकों की बैठक भी ली। साथ ही शिक्षा गुणवत्ता पर भी

### अनुपस्थित शिक्षकों पर जतायी नाराजगी

सांकरा के स्कूलों में बहुत शिक्षक अनुपस्थित थे। जिन पर नाराजगी जाहिर करते हुए नोटिस जारी किया जाएगा। बुधवार को अकादमीक सत्र का प्रथम दिवस था। विद्यालय बहुत दिनों के बाद पुनः प्रारंभ हुआ है। निरीक्षण के दौरान हाई स्कूल सांकरा, माध्यमिक शाला सांकरा में कुछ शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। ऐसे अनुपस्थित शिक्षकों के प्रति अधिकारी द्वारा नाराजगी जाहिर की। संबंधित संस्था प्रमुख को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि बच्चों के शिक्षा गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की समझौता नहीं किया जाएगा।निरीक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर थे। निरीक्षण के दौरान संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा सहित संस्था प्रमुख उपस्थित थे।


